भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 अप्रैल 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के कासगंज और फिरोजाबाद में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 'निजाम'- नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इमरान मसूद, आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी से उत्तर प्रदेश की जनता को मुक्ति दिलाई है

****

सपा-बसपा और कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति करते हैं, इसीलिए बहन मायावती कहती हैं कि हमें तो बस एक समुदाय विशेष के वोट मिल जाएं। उत्तर प्रदेश की जनता बुआ-भतीजा और राहुल गांधी को स्वीकार नहीं कर रही। वे बुआ-भतीजे के बहकावे में नहीं आयेंगे

****

सपा सरकार आती है तो एक जाति का भला होता है, बसपा सरकार आती है तो दूसरी जाति का भला होता है, ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो पूरी उत्तर प्रदेश की जनता का भला करती है

****

देश के 50 करोड़ गरीबों के जीवन के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी कई कल्याणकारी योजनायें शुरू की हैं, लेकिन मोदी सरकार ने कभी किसी की जाति नहीं पूछी

****

राहुल गाँधी और महागठबंधन के साथी जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने की बात करते हैं। राहुल गाँधी और उमर अब्दुला कान खोल कर सुन लें, जम्मू-कश्मीर को भारत से कोई अलग नहीं कर सकता। जम्मू-कश्मीर हिंदुस्तान का है और रहेगा। जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है

****

देश की जनता तय कर चुकी है कि देश के अगले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही होंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने जा रही है। उत्तर प्रदेश में हमारी सीटें 73 से 74 होंगी, 72 नहीं

****

केंद्र में बनने वाली अगली मोदी सरकार किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देगी। सभी किसानों को छह हजार रुपये प्रतिवर्ष सहायता देने का काम भाजपा कर रही है। किसानों को 60 वर्ष की उम्र के बाद मासिक पेंशन मोदी सरकार देगी। आजादी के बाद पहली बार किसानों को पेंशन मिलेगी

****

सपा-बसपा सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था दयनीय स्थिति थी और अपराधियों से प्रदेश की जनता त्रस्त थी लेकिन आज योगी जी के शासन में अपराधी समर्पण करने को विवश हो रहे हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में क़ानून का शासन कायम किया है

****

किसानों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों को भी केंद्र में बनने वाली भाजपा-नीत एनडीए की मोदी सरकार पेंशन देगी। छोटे व्यापारियों को दस लाख रुपए तक का इंश्योरेंस देने का काम भी भाजपा करेगी

****

एक जनपद, एक उत्पाद योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के हर जिले को पहचान मिल रही है और उद्योगों को शुरू किया जा रहा है

****

13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को महज 3,30,000 करोड़ रुपये दिए थे जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने यूपी को विकास के लिए लगभग 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं

****

सपा-बसपा के समय में अपराधियों से प्रदेश की जनता त्रस्त थी लेकिन आज योगी जी के शासन में अपराधी समर्पण कर रहे हैं। अपराधियों को डर है कि कहीं एनकाउंटर न हो जाए

****

राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा आतंकियों को ख़त्म करने की जगह बातचीत करने की सलाह देते हैं। आतंकियों से बातचीत करना सपा, बसपा और कांग्रेस की पॉलिसी हो सकती है, भाजपा की नहीं। मोदी सरकार किसी भी आतंकवादी संगठन से बात नहीं करेगी और अगर आतंकियों ने फिर से गलती की तो उनके परखच्चे उड़ाए जाएंगे

****

भाजपा कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के घर-घर चाचा-बुआ-भतीजा और राहुल गाँधी को हराने का संदेश लेकर जाएँ और भाजपा को विजयी बनायें

****

यूपी में सपा-बसपा द्वारा संरक्षित अपराधी यहां के गरीबों की जमीन कब्जा लेते थे। हमारी सरकार ने जबसे गुंडा विरोधी स्क्वाड बनाया है तब से ये गरीबों की जमीन को हाथ लगाने की हिम्मत नहीं करते हैं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के कासगंज और फिरोजाबाद में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए भ्रष्टाचार, बदहाल क़ानून-व्यवस्था और आतंकवाद पर कांग्रेस और महागठबंधन पर जम कर प्रहार किया।

श्री शाह ने विपक्षियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 'निजाम'- नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इमरान मसूद, आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी से उत्तर प्रदेश की जनता को मुक्ति दिलाई है।** उन्होंने कहा कि **सपा-बसपा और कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति करते हैं, इसीलिए बहन मायावती कहती हैं कि हमें तो बस एक समुदाय विशेष के वोट मिल जाएं।** उन्होंने कहा कि **महागठबंधन के साथी जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने की बात करते हैं। उमर अब्दुला तो क्या, कोई भी आ जाए, जम्मू-कश्मीर को भारत से कोई अलग नहीं कर सकता। जम्मू-कश्मीर हिंदुस्तान का है और रहेगा।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि **जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और द्वारकाधीश से लेकर जगन्नाथपुरी तक, हर जगह मोदी-मोदी की आवाज ही सुनाई देती है। देश की जनता तय कर चुकी है कि इस देश के अगले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही होंगे।** उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में दो खेमे हैं-एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा-नीत एनडीए तो दूसरी ओर राहुल गाँधी और महामिलावटी गठबंधन बना जिसमें बुआ-भतीजा भी शामिल हैं। ये बुआ-भतीजा यूपी की जनता से कह रहे हैं कि मुझे जिताओ। यदि इनको वोट मिल जाएगा तो प्रधानमंत्री कौन बनेगा? **दरअसल, ये सारी पार्टियाँ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपार लोकप्रियता और गरीब-कल्याण की सफल नीति से डर कर एकत्रित हो रही हैं। 15-15 साल तक जो लोग एक-दूसरे का मुंह तक नहीं देखते थे तो फिर अचानक बुआ-भतीजा में ये प्रेम क्यों उमड़ा है? ये सपा-बसपा जो जनता द्वारा नकारे जाने के डर के कारण है।**

श्री शाह ने कहा कि **उत्तर प्रदेश की जनता बुआ-भतीजा और राहुल गांधी को स्वीकार नहीं कर रही। चुनाव खत्म होते ही गठबंधन तार-तार होने वाला है।** उन्होंने कहा कि जातिवादी पार्टी देश का भला नही कर सकती। प्रदेश की जनता 15 साल तक सपा-बसपा को देख चुकी है। उन्होंने कहा कि **देश के 50 करोड़ गरीबों के जीवन के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी कई कल्याणकारी योजनायें शुरू की हैं, लेकिन मोदी सरकार ने कभी किसी की जाति नहीं पूछी।** उन्होंने सपा-बसपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था की दयनीय स्थिति पर निशाना साधते हुए कहा कि **उनके समय में अपराधियों से प्रदेश की जनता त्रस्त थी लेकिन आज योगी जी के शासन में अपराधी समर्पण कर रहे हैं। अपराधियों को डर है कि कहीं एनकाउंटर न हो जाए।** योगी सरकार ने अपराधियों को सीधा करने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का शासन लागू करने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश को सुरक्षित करने का काम प्रधानमंत्री ने किया है। दस वर्षों तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही। सोनिया-मनमोहन की सरकार में आये दिन आतंकी हमले होते रहते थे। **पहले पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल**

स्ट्राइक और अब एयर स्ट्राइक के जरिये हमें दुनिया को संदेश दिया है कि हम अपनी देश की सुरक्षा के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं। आतंकियों पर एयरस्ट्राइक के बाद पूरे देश में खुशी की लहर थी लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था। एक तो पाकिस्तान में जहां मातम होना स्वाभाविक ही था लेकिन दूसरा मातम सपा, बसपा और कांग्रेस के खेमे में छाया हुआ था। उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा आतंकियों को ख़त्म करने की जगह बातचीत करने की सलाह देते हैं। सैम पित्रोदा जी, आतंकियों से बातचीत करना सपा, बसपा और कांग्रेस की पॉलिसी हो सकती है, भाजपा की नहीं। मोदी सरकार किसी भी आतंकवादी संगठन से बात नहीं करेगी और अगर आतंकियों ने फिर से गलती की तो उनके परखच्चे उड़ाए जाएंगे।** अवैध घुसपैठियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में पुनः श्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने के बाद देश भर से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। यदि पांच साल और श्री नरेन्द्र मोदी जी को मिल जाए तो भारत को महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता।

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अगले पांच साल में किसानों को मिलने वाले लोन पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा। इसके साथ ही छोटे-बड़े सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसानों को 60 साल की उम्र के बाद बीजेपी सरकार पेंशन भी देगी। भाजपा ने घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि भाजपा सरकार किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देगी। सभी किसानों को छह हजार करोड़ देने का काम भाजपा कर रही है। देश के सभी छोटे एवं मध्यम किसानों को 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन भी दी जायेगी। आजादी के बाद पहली बार किसानों को पेंशन मिलेगी। छोटे किसानों और छोटे व्यापारियों को भी भाजपा सरकार पेंशन देगी। छोटे व्यापारियों को दस लाख रुपए तक का इंश्योरेंस देने का काम भी भाजपा करेगी। जिन व्यापरियों का टर्नओवर 40 लाख तक का है उनकी जीएसटी भी माफ की गयी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सबसे बड़ा काम हुआ भ्रष्टाचार को मिटाने का।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को महज 3,30,000 करोड़ रुपये दिए थे जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने यूपी को विकास के लिए लगभग 10,27,323 करोड़ रुपये दिए हैं।**

फिरोजाबाद में जन-सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि चाचा-भतीजा कह रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद में उनकी मदद कर रही है, यही स्पष्ट करने यहाँ आया हूँ**।** भाजपा किसी की कोई मदद नहीं करती, उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में मोदी लहर चल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि **भाजपा कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के घर-घर चाचा-बुआ-भतीजा और राहुल गाँधी को हराने का संदेश लेकर जाएँ और भाजपा को विजयी बनायें।**

श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिए कई कार्य किये हैं। एक जनपद एक उत्पाद के तहत राज्य के हर जिले का औद्योगिकीकरण किया गया है। एम्स, डिफेन्स कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, रेलवे की परियोजनाएं, हाइवे, फर्टिलाइजर कारखाने शुरू किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि **यूपी में सपा-बसपा द्वारा संरक्षित अपराधी यहां के गरीबों की जमीन कब्जा लेते थे। हमारी सरकार ने जबसे गुंडा विरोधी स्क्वाड बनाया है तब से ये गरीबों की जमीन को हाथ लगाने की हिम्मत नहीं**

करते हैं। उन्होंने कहा, **राहुल बाबा कहते हैं कि आलू की फैक्ट्री लगाउंगा। जिसे ये तक नहीं पता कि आलू जमीन के नीचे होता है या फैक्ट्री में, ऐसे लोग देश का भला नहीं कर सकते।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा-बसपा की सरकारों ने किसानों का गेहूं-धान कभी नहीं खरीदा। योगी जी की सरकार ने **1।5** गुना समर्थन मूल्य के साथ किसानों का गेहूं-धान खरीदने का काम किया है। उन्होंने कहा, भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार अपने कार्यकाल में ऐसी **133** योजनाएं लाई है, जो गरीबों और उत्तर प्रदेश के कल्याण के लिए हैं। सपा-बसपा वाले कभी ऐसी योजनाएं नहीं ला सकते हैं।

सपा-बसपा पर निशाना साधते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **सपा सरकार आती है तो एक जाति का भला होता है, बसपा सरकार आती है तो दूसरी जाति का भला होता है, ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो पूरी उत्तर प्रदेश की जनता का भला करती है।** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसभा को जागरुक करते हुए कहा कि जात-पात का भेद भूल कर मतदान करें और भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव